प्रकाशनार्थ

पटना, 18 नवम्बर। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की पर्यावरण-संरक्षण के लिए कार्यरत ईआईएसीपी (EIACP) इकाई ने आज मिशन लाइफ (Mission LiFE) कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियानों की अपनी श्रृंखला को आगे बढ़ाया। इस क्रम में कुरजी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'वेल्थ आउट ऑफ वेस्ट' (कचरे से संपदा) विषय पर स्कूली छात्राओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन MoEFCC ने प्रायोजित किया । ईआईएसीपी इकाई, पटना-स्थित एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (ADRI) के सेंटर फॉर स्टडीज ऑन एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट (CSEC) में स्थापित है।

विद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे पुराने कार्डबोर्ड बॉक्स, अनुपयोगी कपड़ों आदि जैसे कूड़े-कचरे से पर्यावरण-अनुकूल सजावटी एवं उपयोगी सामग्रियाँ जैसे कि फर्श पर बिछाने वाली चटाई, गमले, आदि तैयार करें ताकि देश की समृद्धि में योगदान दिया जा सके। इसी थीम पर आधारित एक वीडियो CSEC–ADRI के डॉ. सुनील गुप्ता एवं सुश्री पूजा कुमारी द्वारा प्रदर्शित भी किया गया। उन्होंने छात्राओं से यह भी अपील की कि वे अपने अभिभावकों को एकल-उपयोग (सिंगल यूज़) प्लास्टिक का त्याग कर पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित करें।

श्री चन्द्र मिडिल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रेरणा सुमन ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की सुश्री सुधा कुमारी तथा ADRI के गुलशन पटेल और मौसम बहार ने मिलकर कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में कुल 112 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(अभिषेक प्रसाद)